एक नजर

पीएनबी को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

नई दिल्ली (वि): पंजाब नेशनल बैंक को वर्ष 2016-17 का राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कीर्ति का द्वितीय पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार राष्ट्रीयकृत बैंकों और बैंकिंग संस्थाओं के अंतर्गत प्राप्त हुआ है। हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से बैंक के कार्यपालक निदेशक संजीव शरण ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड प्राप्त की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, गृह राज्य मंत्री किरण रिजिजू भी उपस्थित थे।

सोने ने लगाई छलांग, चांदी फिसली

नई दिल्ली: ग्लोबल बाजार में मजबूती के बीच आभूषण निर्माताओं की खरीदारी से गुरुवार को सोने में तेजी लौट आई। स्थानीय सराफा बाजार में पीली धातु 650 रुपये बढ़कर 31 हजार रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुई। बुधवार को इस धातु ने 500 रुपये का गोता लगाया था। इसके उलट औद्योगिक यूनिटों और सिक्का निर्माताओं की ओर से मांग में कमी के चलते चांदी 350 रुपये फिसलकर 41 हजार 500 रुपये प्रति किलो हो गई। बीते कारोबारी सत्र में इस सफेद धातु में 200 रुपये की वृद्धि हुई थी।

थोक महंगाई भी चार महीने की ऊंचाई पर

चिंता

- अगस्त में थोक महंगाई दर 3.24 फीसद पर पहुंची
- प्याज सहित सब्जियों, फलों व दूसरे खाद्य पदार्थों ने बढ़ाई महंगाई



जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: त्योहारी सीजन अभी शुरू भी नहीं हुआ है लेकिन महंगाई के मोर्चे पर बुरी खबरों का सिलसिला शुरू हो गया है। खुदरा महंगाई के रुख पर चलते हुए अगस्त 2017 में थोक महंगाई दर भी चार महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई। इस महीने थोक महंगाई की दर जुलाई के 1.88 फीसद से बढ़कर 3.24 फीसद के स्तर पर पहुंच गयी। अगस्त 2016 में थोक महंगाई सूचकांक में 1.09 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई थी।

अगस्त में थोक महंगाई में आई इस तेजी की वजह खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों में आई तेजी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में महंगाई में और इजाफा हो सकता है, ऐसे में ब्याज दरों में कटौती के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है। थोक महंगाई सूचकांक में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोतरी रही है। जुलाई में सब्जियों की महंगाई दर्शाने वाले सूचकांक में 21.95 फीसद की वृद्धि हुई थी। लेकिन अगस्त में यह वृद्धि 44.91 फीसद के स्तर पर पहुंच गयी। इसके पीछे बड़ी वजह प्याज की कीमतों में आई तेजी रही। प्याज की कीमत अगस्त महीने में 88.46 फीसद की दर से बढ़ी जो जुलाई में 9.50 फीसद के स्तर पर थी। इसके अलावा फल, सब्जियों, मीट, मछली की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ईंधन जनित महंगाई भी अगस्त में दोगुनी हो गई। जुलाई में फ्यूल एंड पावर सेगमेंट में महंगाई दर 9.99 फीसद रही जो जुलाई में 4.37 फीसद पर थी। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ रहीं कीमतें और पावर टैरिफ में की गई बढ़ोतरी ही फ्यूल एंड पावर सेगमेंट में आई तेजी का असली कारण है।

सस्ते कर्ज के लिए करना होगा इंतजार: राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान की सलाहकार और अर्थशास्त्री राधिका पांडे के मुताबिक आने वाला त्योहारी सीजन और देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ दो ऐसी वजह हैं जिनके कारण आने वाले महीनों में महंगाई दर में और बढ़ोतरी हो सकती है। महंगाई में आई तेजी के बाद भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों में अगली कटौती करने से पहले लंबा इंतजार कर सकता है। पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में चौथाई फीसद की कटौती की थी।

सीसीआइ ने कोयला ढुलाई फर्मों पर ठोका 12 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली: भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) ने 10 कोयला व रेत ढुलाई कंपनियों पर करीब 12 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। सीसीआइ ने यह जुर्माना वेस्टर्न कोलफील्ड्स के टेंडर के लिए बोलियों में हेराफेरी करने की वजह से लगाया है। कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी ने इस बारे में प्रतिस्पर्धा नियामक के पास शिकायत की थी। सीसीआइ ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स के आरोपों को जांच में सही पाया है। नियामक ने इन ढुलाई कंपनियों के अलावा इनके आठ पदाधिकारियों पर भी जुर्माना लगाया है।

भारत में मोबाइल पेमेंट सेवा लांच करेगी गूगल

नई दिल्ली, प्रेट्र: टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भी अब भारत के पेमेंट सर्विस बाजार में कूदने जा रहा है। इसके लिए कंपनी अगले हफ्ते गूगल तेज नामक पेमेंट के लांच का एलान कर सकती है। यह एप पेटीएम व मोबीक्विक जैसे मोबाइल वॉलेट के अलावा यूपीआइ (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को भी सपोर्ट करेगा। कहा जा रहा है कि इस पेमेंट सर्विस को लेकर गूगल की ओर से आधिकारिक घोषणा 18 सितंबर को हो सकती है।

सोशल मीडिया पर सूचनाएं देने पर विचार कर रहा रिजर्व बैंक

आरबीआइ ने 24 केंद्रीय बैंकों के अनुभवों का अध्ययन किया, अभी वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी दे रहा ट्विटर पर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: अब तक सोशल मीडिया से दूरी बनाकर चल रहा भारतीय रिजर्व बैंक भी मान रहा है कि मीडिया के इस स्वरूप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक की इस अवधारणा में बदलाव दुनिया भर के 24 केंद्रीय बैंकों की सोशल मीडिया में भागीदारी के अध्ययन के बाद आया है। रिजर्व बैंक ने इसकी शुरुआत ऐसी सूचनाओं और जानकारी से की है जिन्हें वह अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करता है।

रिजर्व बैंक मानता है कि आमतौर पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक सूचनाओं को सार्वजनिक रूप से साझा करने के मामले में काफी सावधानी बरतते हैं। अपनी सालाना रिपोर्ट में रिजर्व बैंक ने माना है कि लेकिन यह भी सच है कि सोशल मीडिया के जरिये जिस रफ्तार से सूचनाओं का प्रसार व प्रचार होता है उसे देखते हुए इस माध्यम को अब नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि तमाम केंद्रीय बैंकों ने शुरुआत ऐसी ही सूचनाओं से की है जो सार्वजनिक तौर पर पहले से ही उपलब्ध हैं। सालाना रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के 24 में से 22 केंद्रीय बैंक ऐसे हैं जो ट्विटर के माध्यम से केवल वही सूचनाएं अलर्ट के तौर पर साझा कर रहे हैं जो उनकी वेबसाइट पर मौजूद हैं। यानी बैंक ट्विटर के जरिये वेबसाइट पर उपलब्ध अपनी सूचनाओं की जानकारी आम जनता को दे रहे हैं। ज्यादातर बैंक जनता की तरफ से आने वाले ट्वीट पर प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं करते। ट्विटर के अलावा यूट्यूब भी केंद्रीय बैंकों की तरफ से होने वाला सोशल मीडिया का लोकप्रिय चैनल है। 24 में से 18 बैंक ऐसे हैं जो ग्राहकों में जागरूकता और शिक्षा प्रदान करने वाली जानकारियां यूट्यूब पर साझा करते हैं। हालांकि कुछ केंद्रीय बैंक ऐसे हैं जो फेसबुक का इस्तेमाल जनता से फीडबैक लेने के लिए करते हैं। सूत्रों के मुताबिक रिजर्व बैंक फिलहाल दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल के अनुभव का अध्ययन कर रहा है। इसके बाद ही बैंक फैसला करेगा कि किस स्तर तक सूचनाओं को सोशल मीडिया के जरिये साझा करने के मामले में आगे बढ़ा जा सकता है।

आइटीडीसी के घाटे वाले 14 होटल बिकेंगे

कोच्चि, प्रेट्र: सरकारी कंपनी इंडियन टूरिज्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन (आइटीडीसी) द्वारा संचालित और घाटे में चल रहे 16 होटलों में से 14 को निजी कंपनियों को बेचा जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री अल्फोंस कन्ननथनम ने दी। उन्होंने कहा कि पैसा कमाने के लिए होटल व्यवसाय सरकार का काम नहीं है। हालांकि उन्होंने नई दिल्ली स्थित अशोका होटल को सरकार के अधीन बनाए रखने और उसे बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय होटल के तौर पर विकसित करने की मंशा व्यक्त की। यहां एर्नाकुलम प्रेस क्लब के एक कार्यक्रम में बोल रहे मंत्री ने कहा, 'आइटीडीसी के अंतर्गत संचालित हो रहे 14 होटलों को बेचने का फैसला किया जा चुका है क्योंकि पैसा बनाने वाला होटल व्यवसाय सरकार का काम नहीं है।

इन होटलों को बेचने का फैसला बहुत पहले किया जा चुका है। सरकार के नियंत्रण में एक या दो होटल रखे जाएंगे। मेरी इच्छा है कि नई दिल्ली का अशोका होटल सरकार के नियंत्रण में रहे और इसे अंतरशाष्ट्रीय स्तर का शानदार होटल बनाया जाए।' आइटीडीसी दिल्ली, पटना, जम्मू, रांची, भुवनेश्वर, पुरी, भोपाल, भरतपुर, जयपुर, गुवाहाटी, मैसूर, पुडुचेरी और ईटानगर में कुल 16 होटलों का संचालन करती है।

म्यूजिक ब्रॉडकास्ट लिमिटेड रेडियो उद्योग में और बढ़ाएगी मौजूदगी



नई दिल्ली में म्यूजिक ब्रॉडकास्ट लिमिटेड की 18वीं सालाना आम बैठक में बायें से कंपनी सेक्रेटरी चिराग बगाडिया, सीएफओ प्रशांत दोमाडिया, स्वतंत्र निदेशक अनुज पुरी, जागरण के सीएमडी एवं संपादकीय निदेशक महेंद्र मोहन गुप्त, निदेशक अपूर्वा पुरोहित और सीईओ अब्राहम थॉमस ● जागरण

जेएनएन, नई दिल्ली: म्यूजिक ब्रॉडकास्ट लिमिटेड (एमबीएल) रेडियो उद्योग में अपनी मौजूदगी को और बढ़ाएगी। कंपनी की 18वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) में यह इरादा जाहिर किया गया। इस बैठक में शेयरधारकों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। एजीएम को कंपनी के निदेशक बोर्ड के सदस्यों और प्रबंधन से जुड़े शीर्ष अधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान उनकी ओर से बीते वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन की जानकारी दी गई। एमबीएल रेडियो सिटी की पेरेंट कंपनी है।

इस एजीएम की अध्यक्षता एमबीएल के चेयरमैन विजय टंडन ने की। इसमें कंपनी की डायरेक्टर अपूर्वा पुरोहित, सीएफओ प्रशांत दोमाडिया, सीईओ अब्राहम थॉमस और स्वतंत्र निदेशक अनुज पुरी व मधुकर कामत के साथ ही कंपनी सेक्रेटरी चिराग बगाडिया शामिल रहे। एजीएम में दैनिक जागरण के सीएमडी एवं संपादकीय निदेशक महेंद्र मोहन गुप्त भी मौजूद रहे। विजय टंडन ने रेवेन्यू के मोर्चे पर एमबीएल के प्रदर्शन को लेकर कहा कि बीते वित्त वर्ष में कंपनी का रेवेन्यू 20.4 फीसद बढ़कर 271.4 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2015-16 में कंपनी का रेवेन्यू 225.5 करोड़ रुपये था। यही नहीं, इस दौरान एमबीएल का एबिटा बढ़कर 91.3 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वर्ष में यह आंकड़ा 78.1 करोड़ रुपये था। देश के 39 शहरों में रेडियो सिटी की मौजूदगी है। इनमें तीसरे चरण में हासिल किए गए 11 नए स्टेशन भी शामिल हैं। कंपनी का इरादा अपनी विशेषज्ञता व अग्रणी स्थिति के बल पर रेडियो उद्योग में मौजूद अवसरों का लाभ उठाना और अपनी मौजूदगी बढ़ाना है। कई नए स्टेशनों की शुरुआत, टियर-2 व टियर-3 शहरों में श्रोताओं की बढ़ती संख्या और विज्ञापन दरों में वृद्धि के चलते रेडियो इंडस्ट्री की तेज रफ्तार आगे भी जारी रहने वाली है।

तीन और कंपनियों का होगा फॉरेंसिक ऑडिट

नई दिल्ली, प्रेट्र: मुखौटा कंपनियों पर सेबी की सख्ती बढ़ती जा रही है। बाजार नियामक सेबी ने तीन कंपनियों ट्रिनिटी ट्रेडलिंक, इन्फो ड्राइव सॉफ्टवेयर और एडिनामिक्स सॉल्यूशंस के फॉरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया है। ये उन 331 संदिग्ध मुखौटा कंपनियों में से हैं, जिनकी सेबी जांच कर रही है। सेबी चार और कंपनियों आइरिस मीडियावर्क्स, हिट किट ग्लोबल सॉल्यूशंस, कावित इंडस्ट्रीज और जीवी फिल्म्स के फॉरेंसिक ऑडिट का भी आदेश दे चुका है। सेबी ने 13 सितंबर को तीन अलग आदेश जारी किए।

सेस बढ़ने से होंडा की कारें 89 हजार रुपये तक महंगी

नई दिल्ली, प्रेट्र: होंडा कार्स इंडिया ने गुरुवार को विभिन्न मॉडलों की कीमत में बढ़ोतरी की घोषणा की। जीएसटी सेस में बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने मिड साइज सेडान कार सिटी के अलग-अलग वेरिएंट की कीमतों में 7,003 से 18,791 रुपये तक की वृद्धि की है। एसयूवी बीआर-वी की कीमतें 12,490 से 18,242 रुपये के बीच बढ़ी हैं। इसी तरह, प्रीमियम एसयूवी सीआर-वी की कीमतों में 75,304 से 89,069 रुपये तक की वृद्धि की गई है।

किराए पर वाहन

(निर्माण)/II/दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा (ई-निविदा सूचना सं. एसईआरसीओएन-जीआरसी-सीई-सी-II-08-17, दिनांक: 13.09.2017) आमंत्रित की जाती है। ... 12.00 बजे ... कार्य का संक्षिप्त विवरण: ... 6 (छह) ... अनुमानित लागत: रु. 26.39 लाख। ईएमडी: रु. 52,790/-। कार्य पूरा करने की अवधि: 12 महीने। खुलने की नियत तिथि: 23.10.2017। ... www.ireps.gov.in ... (PR-641)

दक्षिण पूर्व रेलवे

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
(एक महारत्न कम्पनी)
CIN NO. : L40200DL1984GOI018976

मेकॉन लिमिटेड
(भारत सरकार का संस्थान)
CIN NO. : U74140JH1973GOI001199

निविदा आमंत्रण सूचना (आईएफबी)
(ई-टेंडरिंग खुली अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बोली आधार पर)

मेकॉन लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड की ओर से **''गेल (इंडिया) लिमिटेड के लिए जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन प्रोजेक्ट (जेएचबीडीपीएल) फेज-II के लिए एआरसी आधार पर एसोर्टिड वाल्व्स के प्रोक्योरमेंट''** हेतु पात्र बोलीदाताओं से निम्नानुसार ई-बोलियां आमंत्रित करता है :

ई-निविदा सं.	वेबसाइट पर आईएफबी एवं बोली दस्तावेज उपलब्धता	पूर्व बोली बैठक की तिथि	बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय
8000011829	19.09.2017	26.09.2017 को 11:00 बजे (IST) गेल, नौएडा में	23.10.2017 को 14:00 बजे (IST)

विस्तृत विवरण हेतु कृपया वेबसाइट **https://etender.gail.co.in, http://www.gailtenders.in** देखें अथवा **DGM (Contracts), MECON Limited, SCOPE Minar, Delhi-110092, Ph. : +91-11-22401146/22401143, Fax No. : +91-11-22041214, Email : cont-delhi@meconlimited.co.in** से संपर्क करें। परिशिष्ट/स्पष्टीकरण, यदि कोई होगा तो, केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर होस्ट किया जायेगा।

डिजिटल सोचो, डिजिटल बनो

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
मुख्य महाप्रबंधक का कार्यालय, "पूर्वांचल भवन",
771, आनंदपुर, ईएम बाईपास के निकट, कोलकाता - 700107
CIN: L23201MH1952GOI008858

सीएसआर पहल के अधीन मैसर्स त्रिपुरेश्वरी विद्यामंदिर, गांधीग्राम, मोहनपुर, अगरतला के निकट, त्रिपुरा राज्य में विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल ब्लॉक के निर्माण हेतु भारतीय योग्य बोलीदाताओं से दो बोली प्रणाली के अधीन इलेक्ट्रॉनिक डिजीटली हस्ताक्षरित एवं मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

निविदा सं. एवं तिथि	विवरण	ईएमडी रकम	जमा करने की नियत तिथि एवं समय
17000054-एईचडी-11600 तिथि 15.09.2017	विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल ब्लॉक का निर्माण	₹ 7,90,000.00	10.10.2017@ अपराह्न 3.00 बजे

बोलियां वेबसाइट **https://etender.hpcl.co.in** पर सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। निविदा के विस्तृत विवरण के साथ बोली हेतु योग्यता मानदंड, निविदा जमा करने की प्रक्रिया, सभी तरह के संशोधनी, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, संयोजनी, समय का विस्तारीकरण इत्यादि सिर्फ एचपीसीएल की वेबसाइट **www.hindustanpetroleum.com** पर जारी की जाएगी। बोलीदातागण इस वेबसाइट के अधीन निविदाएं एवं ठेका खंड नियमित रूप से देखें।

मुख्य खरीदारी प्रबंधक - सीपीओ पूर्वी क्षेत्र

#GiveItUp

झारखण्ड सरकार
प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची–834001
(कचहरी चौक)
फोन–0651–2214610, फैक्स–0651–2207270, ई–मेल– scnd.comm.ranc@gmail.com

आम सूचना

समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं अन्य सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार राँची जिला के डोरण्डा क्षेत्र में जहरीली शराब का सेवन करने के कारण कई व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है एवं कई लोग गम्भीर रूप से बीमार हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच हेतु जांच प्रमण्डलीय आयुक्त की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसके तीन अन्य सदस्य श्री विनोद शंकर सिंह, भा०प्र०से० उत्पाद आयुक्त, झारखण्ड, राँची, श्री अमन कुमार, भा०पु०से०, नगर पुलिस अधीक्षक, राँची एवं श्री ए०के० सत्यजीत, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, राँची है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जहरीली शराब से मृत एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों के परिजन, अन्य प्रभावित व्यक्ति, प्रभावित क्षेत्र के नागरिक, आस–पास एवं अन्य क्षेत्रों के नागरिक, समाज सेवा, सिविल सोसाईटी के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थाओं (N.G.O^{S}) के प्रतिनिधि मिडिया से जुड़े व्यक्ति या अन्य कोई भी व्यक्ति जांच समिति को इस काण्ड से संबंधित जानकारी एवं सुझाव लिखित एवं मौखिक रूप से दिनांक 20.09.2013 से 23.09.2013 तक कचहरी चौक, राँची स्थिति प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक दे सकते है। आपसे प्राप्त होने वाली हर जानकारी हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

अतः आग्रह है कि निःशंकोच भाव से आप अपने विचारों से हमे अवगत कराये।

आयुक्त के सचिव,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

PR- 170354 (Revenue) 17-18

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के द्वारा, मेदिनीनगर प्रखण्ड के ग्राम कुण्डेलवा (उरांव टोला) में मलय नदी पर पुल निर्माण कार्य के लिए आमंत्रित निविदा सूचना संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-08/2017-18 (जिसका P.R. संख्या 168795 है) से प्रकाशित निविदा सूचना के क्रमांक 07 से लेकर क्रमांक 09 तक की तिथियों में निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

7.	Date/time of Receipt of Bid	18.09.2017 at 11.00 am To 04.10.2017 up to 5.00 pm
8.	Date of submission of Tender fee.	05.10.2017 up to 5.00 pm
9.	Bid Opening date	06.10.2017 at 2.00 pm

निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू।

PR- 170302 (Rural Development) 17-18

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
61-65, इंस्टीट्यूशनल एरिया, डी-ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, फोन: 011-28520429, 30, 31, 32 फैक्स: 28520435
ई-मेल: ccryn.goi@gmail.com वेबसाइट: www.ccryn.org

सूचना

योग पार्कों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद योग पार्कों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता के लिए सरकारी संगठनों / स्वायत्त निकायों / विश्वविद्यालयों / गैर-सरकारी संगठनों जो योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अथवा स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में कार्यरत हैं, से आवेदन आमंत्रित करती है। परिषद इस उद्देश्य के लिए **एक (1) लाख रुपये** तक एक बार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

आवेदन फॉर्म विवरण के साथ निदेशक, सीसीआरवाईएन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या परिषद की वेबसाइट **www.ccryn.org** या **www.ccryn.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

विधिवत भरे गए आवेदन को जमा करने की **अंतिम तिथि 15 अक्टूबर, 2017 है।**

निदेशक, सीसीआरवाईएन

झारखंड राज्य में ग्रामीण एवं रुर्बन एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन दिनांक 13.08.2017

IndianOil Bharat Petroleum HP

शुद्धिपत्र

निम्नलिखित विज्ञापित लोकेशनों, ग्राम पंचायत एवं प्रखण्ड के नामों में सुधार किया गया है और सुधारित नाम निम्नलिखित हैं :

क्र. सं.	तेल कंपनी	लोकेशन	ग्राम पंचायत	ब्लॉक	जिला	श्रेणी**	बाजार का प्रकार	सिक्योरिटी डिपॉजिट (राशि लाख में)	मार्केटिंग प्लान
31	आईओसीएल	मझगांवां	मझगांवां	कांडी	गढ़वा	ओपन (डबल्यू)	ग्रामीण	4	2017-18
86	आईओसीएल	भीठा	भीठा	भंडरा	लोहरदगा	ओपन (डबल्यू)	ग्रामीण	4	2017-18
150	एचपीसीएल	इटखोरी	इटखोरी	इटखोरी	चतरा	ओबीसी (पीएच)	ग्रामीण	3	2017-18
156	एचपीसीएल	पारसबनिया	पारसबनिया	बलियापुर	धनबाद	ओपन (डबल्यू)	ग्रामीण	4	2017-18

विज्ञापन दिनांक 13.08.2017 के अनुसार उपरोक्त 4 लोकेशनों एवं अन्य 309 लोकेशनों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16.09.2017 से बढ़ाकर **16.10.2017 अपराह्न 5.00 बजे** तक कर दी गई है।

उपरोक्त सभी 312 लोकेशनों के लिए विज्ञापन दिनांक 13.08.2017 जो 'प्रभात खबर', 'दैनिक जागरण' एवं 'हिंदुस्तान' समाचार पत्रों में प्रकाशित हुवा था उसमें दी गई सभी शर्तें लागू होंगी तथा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

आवेदनकर्ता ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पे जाकर आवेदन करें।

आवेदनकर्ता एरिया ऑफिस (आईओसीएल), रीजनल ऑफिस (एचपीसीएल) एवं टेरिटोरी ऑफिस (बीपीसीएल) या ईमेल **support@lpgvitarakchayan.in** जो वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** में दी गई है पर कोई सहायता अथवा जानकारी के लिए संपर्क करें।

झारखंड सरकार
कल्याण विभाग
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति 2017–18 हेतु आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 में ऑनलाईन छात्रवृति करने हेतु निम्न निर्देश दिया जाता है :–

1. वित्तीय वर्ष 2017–18 में कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के छात्रवृति (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर पोस्ट– मैट्रिक छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया चालू है। जिन छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है वे ekalyan.cgg.gov.in पर दिये निर्देश को अच्छी तरह पढ़ें एवं व्दसपदम आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ करें। छात्र–छात्राएं यह सुनिश्चित हो लें कि छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन में जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी के द्वारा Online निर्गत Certificate ही Upload करें। यदि छात्र–छात्राओं द्वारा जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र Offline Certificate (Manual Signature) Upload किये जाते हैं एवं समयावधी तक पुनः अपने आवेदन पर Online Cerificate Upload नहीं करते हैं तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
2. आवेदन मे दिये गये आधार संख्या को बैंक खाता के साथ Seed कराना भी अनिवार्य है। Seeding का Status UIDAI के वेबसाईट https://resident.uidai.net.in/check-aadhaar-linking-status या मोबाईल से *99*99# डायल कर देखा जा सकता है। जिन छात्र–छात्राओं का आधार बैंक खाता के साथ Seeded एवं NPCI पर Mapped नहीं है वे अपने बैंक खाते के साथ आधार Seeding कराना सुनिश्चित करें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति की राशि का भुगतान DBT योजना के तहत आधार संख्या के माध्यम से ही किया जायेगा।
3. Online आवेदन एवं प्रमाण पत्रों को Upload करने एवं बैंक खाता को आधार संख्या के साथ Seed कराने की अंतिम तिथि 30.09.2017 तक निर्धारित है।
4. निर्धारित तिथि के पश्चात् अधुरे सभी आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेंगे और उनसे संबंधित किसी भी प्रकार के भुगतान अनुमान्य नहीं होगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गुमला।

P.R170348 Welfare(17-18)D

सं०सं०–5/स्था०(नि०)–रो०मे०–6044/17–
झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2017

सूचना

रोजगार मेला स्थल : छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ़
दिनांक : 18 सितम्बर, 2017

Sl. No.	Name of the Employer	Name of the post & No. of Vacancies	Qualification	Exp. (in yrs.)	Age (in yrs.)	Pay Scale (in Rs.)
01	New Unicare Health Solutions, Patna	Area Sales Manager 05	Graduate /MBA	02- 03	25-35	15000-25000/-
		Marketing Executive 75	Inter		18-35	8000-14000/-
		HR Executive 04	Graduate		"	7000-14000/-
		Comp. Operator 10	Inter+DCA		"	5000-10000/-
		Tele Caller 20	Inter		22-35	"
		Accountant 04	B.Com+DCA		18-35	7000-10000/-
		Delivery Boy 10	Non Matric		"	5000-10000/-
		Helper 250	5th,10th		18-30	12000/-
02	Ranchi Security Pvt. Ltd. & Bhootpurv Sainik Kalyan Sangh, Ranchi	Security Officer 05	Only Ex-Serviceman		45-60	20000-22000/-
		Asst. Security Officer 15	Ex-Serviceman/Graduate Civilians with 05 Exp.		40-60	15000-18000/-
		Supervisor 40	Inter	03	30-50	12000-14000/-
		Security Guard 500	10th	Trained Guard	18-35	7000-9000/-
		Trainer (Security Guard & Housekeeping) 20	Graduate		30-50	13000-20000/-
		Mobilizer 50	Inter		20-50	7000-10000/-
03	Rohit Security Services (P) Ltd., Ranchi	Security Guard 30	10th		18-35	6000/-
04	Youth 4 Jobs, Ranchi	CSA 40	10th /Graduation	Fresher	"	7000/- Only for Orthopedic Handicapped (OH)
		CSR 40	10th /Graduation	Fresher	18-30	6127/- Speech & Hearing +OH
		House Keeping & others 40	"	Fresher	"	Speech & Hearing +OH
05	Cosmo Care, Patna	Sales Manager 01	Graduate	03	25-35	15000-25000/-
		Sale Executive 100	Inter		18-35	8000-15000/-
		Survey Executive 150	10th		"	7000-14000/-
		RO Technician 02	Inter+ITI	02	20-35	5000-10000/-
		Comp. Operator 01	Inter+DCA		18-35	"
		Tele Caller 30	Inter		"	"
		Accountant 01	B.Com		"	7000-10000/-
		HR Executive 05	Graduation		"	9000-15000/-
06	Triple Canopy Security Pvt. Ltd., Patna	Security Guard 100	Non Matric	H-5'6"	18-45	7000-16000/-
		Supervisor 25	Graduation	03 H-5'7"	25-45	8000-16000/-
		Gunman 10	Non Matric	Self Gun & License	20-40	12000-25000/-
		Cook 20	"		"	5000-15000/-
		Office Staff 10	Graduation/DCA	Computer H-5'5"	18-45	6000-15000/-
		Dhaga Mill 100	10th	Height 5'5"	"	5000-15000/-
07	Aqua Health Care, Patna	Sales Manager 03	Graduate	03	25-35	15000-25000/-
		Sale Executive 200	Inter		18-35	8000-15000/-
		Survey Executive 200	10th		"	7000-14000/-
		RO Technician 05	Inter+ITI	02	20-35	5000-10000/-
		Comp. Operator 02	Inter+DCA		18-35	"
		Tele Caller 30	Inter		"	"
		Accountant 03	B.Com		"	7000-10000/-
		Marketing Executive 50	MBA(Marketing)	01	"	9000-15000/-
		HR Executive 10	Graduation		"	5000-10000/-
		Assistant HR Manager 03	MBA(HR)	01	20-35	10000-20000/-
08	Verites Technology, Patna	Business Devp. Manager 03	Graduation/MBA	03	25-35	12000-30000/-
		Direct Marketing Executive 100	Inter		18-35	10000-15000/-
		Graphic Designer 02	Matric+Designing		"	8000-10000/-
		HR Executive 10	MBA	01	"	5000-10000/-
		Assistant HR Manager 02	"	01	20-35	10000-25000/-
		Website Devp. 05	MCA/B.Tech (C.S)	01	"	10000-20000/-
		Software Devp. 05	"	01	"	"
		Tele Caller 20	Inter		18-35	5000-10000/-
		Accountant 01	B.Com		"	6000-15000/-
		Comp. Operator 05	Inter/DCA		"	"
09	Sai Biotech, Patna	Area Sale Executive 02	MBA/PG in any Stream	03-08	"	15000-30000/- + Convence
		District Sale Manager 03	Graduation in any Stream	0-03	"	10000-15000/-
		Sales Officer 05	Inter	"	"	8000-15000/-
		HR Officer(Female) 02	BBA/UG in any stream	"	"	7000-15000/-
		HR Manager(Female) 02	MBA/PG in any stream	03-05	18-40	10000-20000/-
		Tele Caller(Female) 02	Inter	0-03	18-35	5000-10000/-
		Security Officer 10	"	"	"	"
		Construction Fitter 200	10th		"	8000-15000/-
		Pinter & Decorator 120	5th		"	"
		Shuttering Carpenter 120	"		"	"
		Welder 120	10th		"	"
10	Smart-Touch Infrastructure Pvt. Ltd., Patna	Helper (Technical) 50	10th+ITI		"	5000-10000/-
		Helper (Skill) 50	12th		"	8000-14000/-
		Helper (Semi Skill) 100	10th		"	7000-15000/-
		Helper (Non Skill) 200	Non Matric		"	6000-10000/-
		Side In charge 10	Graduation		22-35	10000-20000/-
		Comp. Operator 10	12th+DCA		18-35	8000-15000/-
		Tele Caller 15	12th		"	7000-10000/-
		Project Manager 05	B. Tech (Civil)		22-35	15000-25000/-
		Accountant 10	B.Com		18-35	8000-15000/-
11	**R.C. Rungta Group, Ramgarh** 1. Jharkhand Ispat Pvt. Ltd. 2. Aloke Steels & Industries Pvt Ltd. 3.Maa Chhinmastika Cement & Ispat Pvt Ltd.	Sr. Accountant 02	B.Com/M.com/CA	10	18-40	Based on Exp.
		Accountant 04	"	05	18-30	"
		Accounts Clerk 03	B.Com/BBA	02	"	"
		Comp. Operator 02	B.Com/B.A./B.Sc/ BCA	02	"	Based on Exp. Hindi Typing
		Law Officer 01	Law Graduate/Regd.	05	18-40	Based on Exp. Civil Court Exp. will be preferred
		Liaison Executive 01	Graduate/Law/Management Degree	10	18-45	Based on Exp.
		General Manager Purchase 01	Graduate/Management/Engineering Degree	15	18-45	Based on Exp. of the field in Steel Plant may be preferred
		Automobile Engineer 02	Dip Mech. Eng/ Automobile/B.E.	05	18-35	Based on Exp. of the field in out sourcing for mining work will be preferred
		Maintenance Head 02	B.E./Dip. in Mech. Eng/Automobile/ Management Degree	10	18-45	"
		Maintenance Supervisor 02	ITI Automobile/Dip. Mech./Automobile	05	18-40	"
		General Supervisor 06	Inter, Graduate	10	"	"
12	LIC of India, Ramgarh	Insurance Advisor 100	10th,12th, Graduation		18+	Commission Base
	Life Plus office, Ramgarh	Rural Career Agent 50	10th		18-35	5000 + Commission Relaxation as per rules for SC/ST
		Agency Manager 02	Graduation	Marketing Exp.	15-40	Negotiable
		Cashier 01	"		18-30	"
	Total	3587				

रोजगार मेला में भाग लेने वाले नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– **www.jharkhandemployment.nic.in** पर उपलब्ध है।

रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व से निबंधित नहीं है, तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदात्ता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

ह०/– **सहायक निदेशक (नियोजन)**
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।

PR- 170306 (Labour Employment and Traning) 17-18